## महत्वपूर्ण एवं खास

### रेलवे ई-टिकट बना रहा ट्रेवल्स एजेंसी कर्मचारी गिरफ्तार

कोरबा (आरएनएस)। शहर के घंटाघर स्थित एक ट्रेवल्स एजेंसी द्वारा आईआरटीसी से बिना अधिकृत रेलवे ई.टिकट बनाया जा रहा था। इसके लिए पर्सनल यूजर्स आईडी का इस्तेमाल किया जा रहा था। आरपीएफ को मुखबीर से इसकी सूचना मिली थी। जिसके आधार पर आरपीएफ की टीम ट्रेवल्स एजेंसी पर नजर रखे हुए थी। मंगलवार की शाम जैसे ही टीम को एजेंसी में रेलवे ई.टिकट तैयार करने की पुख्ता सूचना मिली वहां छापा मारा गया। जहां एजेंसी संचालक नहीं था। कर्मचारी विकास सिंह कम्प्यूटर पर बैठकर काम कर रहा था। आरपीएफ ने वहां तैयार रायपुर से लोकमान्य तिलक टर्मीनल मुंबई की ई.टिकट बुक हिस्ट्री, 9900 रुपए नगद समेत मोबाइल, कम्प्युटर व अन्य उपकरण जब्त किया। मामले में रेलवे एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए विकास सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### दसवीं, बारहवीं पूरक परीक्षा की तारीख घोषित, 7 जुलाई से प्रारंभ होगी

रायपुर (आरएनएस)। हाई स्कूल और हायर सेकंडरी स्कूल की पूरक परीक्षा की तारीख घोषित कर दी गई।

हायर सर्टिफिकेट की पूरक परीक्षा 7 जुलाई से 23 जुलाई के बीच होगी, हायर सेकंडरी की परीक्षा 7 से 25 जुलाई के बीच होगी। इसके अलावा हायर सेकंडरी व्यावसायिक पाठ्यक्रम की परीक्षा 7 से 16 जुलाई के बीच होगी। इसके तहत डिप्लोमा इन एजूकेशन (द्विवार्षिक पाठ्यक्रम डीएड) प्रथम/द्वितीय वर्ष मुख्य परीक्षा एवं डीएलडी प्रथम अवसर की परीक्षा 2 से 18 जुलाई के बीच होगी।

### पीएटी परीक्षा में बैठने से रोकने पर छात्र ने की थाने में शिकायत

रायपुर (आरएनएस)। तेलीबांधा थाना क्षेत्र के रविग्राम स्कूल में पीएटी परीक्षा के दौरान एक छात्र को परीक्षा में बैठने से रोका गया। जिससे नाराज छात्र ने मामले की शिकायत तेलीबांधा थाना में की।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार छात्र विशाल साहू गुरूवार की सुबह करीब 9 बजे पीएटी की परीक्षा दिलाने के तेलीबांधा स्थित रविग्राम स्कूल में पहुंचा था। जहां उसे यह कहकर रोका गया कि उसने अपने साथ ओरिजनल आधार कार्ड की कॉपी नहीं लायी है जबकि आधार कार्ड की डुप्लीकेट कॉपी उसके पास थी बावजूद इसके उसे परीक्षा में बैठने से रोका गया।

# मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को दी तीन नई तहसीलों की सौगात

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने तीन जिलों की विकास यात्रा में आयोजित विशाल जन-सभाओं में प्रदेशवासियों को तीन नई तहसीलों की सौगात दी। उन्होंने लवन (जिला-बलौदाबाजार), गंडई (जिला-राजनांदगांव) और रेंगाखार (जिला-कबीरधाम) को पूर्ण तहसीलों का दर्जा देने की घोषणा करते हुए कहा कि अब इन क्षेत्रों का अब चौगुना विकास होगा।



डॉ. सिंह ने देर शाम सहसपुर लोहारा की आमसभा में बैगा आदिवासी बहुल रेंगाखार क्षेत्र को तहसील का दर्जा देने का ऐलान किया। उन्होंने लोहारा में एक करोड़ रूपए की लागत से बहुउद्देश्यीय हॉल (सामुदायिक भवन) बनवाने की घोषणा की। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि लोहारा के नये तालाब का सौन्दर्यीकरण किया जाएगा और झलमला में नया बैंक खोला जाएगा। डॉ. सिंह ने गंडई में स्वागत सभा को और लवन, छुईखदान और सहसपुर लोहरा में आमसभाओं को संबोधित किया। उन्होंने तीन आमसभाओं में 745 करोड़ रूपए के 343 निर्माण कार्यो का लोकार्पण, भूमिपूजन और शिलान्यास किया। उन्होंने लवन, छुईखदान और सहसपुर लोहारा की आमसभाओं में 95 हजार 292 किसानों को 121 करोड़ 79 लाख रूपए का धान बोनस ऑनलाइन वितरित किया।

उन्होंने कहा - राज्य सरकार ने आम जनता की बेहतरी और छत्तीसगढ़ के सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए विगत 14 वर्षों में जितने कार्य किए हैं, जितनी योजनाएं शुरू की हैं, उनसे प्रदेश के जन-जीवन की तस्वीर बदल रही है। मुख्यमंत्री ने कहा - यह तो अभी विकास का सिर्फ एक ट्रेलर है। फिल्म अभी बाकी है। पूरी फिल्म बनेगी तो देश और दुनिया के नक्शे पर छत्तीसगढ़ की एक बुलंद तस्वीर उभरेगी और यह देश का सबसे विकसित राज्य बनेगा। मुख्यमंत्री ने कहा - हम सब मिलकर विकास की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कबीरधाम जिले के सहसपुर लोहारा क्षेत्र में स्थित अपने गृह ग्राम रामपुर (ठाठापुर) का उल्लेख करते हुए कहा कि यह क्षेत्र मेरी जन्म भूमि हैं और यहां की माटी मेरी लिए चंदन के समान है। उन्होंने कहा - इस इलाके में सड़कों का काफी विकास हुआ है, विद्युत सुविधाओं का भी विस्तार हो रहा है। नये विद्युत सबस्टेशनों के निर्माण से इस क्षेत्र में अगले 50 वर्षों तक बिजली के कम वोल्टेज की समस्या नहीं रहेगी।

### बाइक सवार तीन युवकों को ट्रेलर ने कुचला, 2 की मौत

पथलगाव (आरएनएस)। जशपुर जिले के पत्थलगांव क्षेत्र में ट्रिपल बाइक सवार को ट्रेलर ने पीछे से ठोक दिया इस हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई वही बाइक में सवार अन्य 2 लोग बुरी कदर घायल हो गए हैं पत्थलगांव अम्बिकापुर रोड सुखरापारा में सड़क दुर्घटना से एक युवक की मौत दो युवक घायल। घायल दोनों युवक को 108 की मदद से पत्थलगांव शिविल अस्पताल लाया गया। पत्थलगांव थाना क्षेत्र का मामला।। इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक पत्थलगांव के किले का निवासी कलेश्वर एवं उलकिया निवासी प्रमोद समेत एक दिलजला का अन्य युवक बाइक में सवार होकर उलकिया में लाइट गोल होने की वजह से सुखरापारा गांव फेटोकॉपी कराने जा रहे थे तभी पीछे से तेज गति में आ रही एक टेलर ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया इस दुर्घटना में बाइक चला रहे युवक बाइक समेत चक्के की चपेट में आ गया वहीं बाइक सवार दो लोग प्रमोद व कलेश्वर बुरी कदर घायल हो गए हादसे के बाद ट्रेलर चालक टेलर को लेकर जशपुर मार्ग की ओर रवाना हो गया।

### घर के बाहर सो रहे थे दंपती, आधी रात पहुंचे हाथियों ने पति को कुचला

कोरबा (आरएनएस)। घर के बाहर आंगन में सो रहे दंपती की नींद उस वक्त उड़ गई, जब आधी रात अचानक उनके चारों ओर हाथियों का झुंड खड़ा हो गया। हाथी ने पति को नींद में ही कुचल दिया, जिसकी चीख सुनकर उठी पत्नी को भी सूंड़ से पकड़कर पटक दिया। बुरी तरह घायल होकर महिला दूर जा गिरी, जिससे उसकी जिंदगी तो बच गई, लेकिन पति की मौके पर ही प्राण पखेरू उड़ गए।

महिला के दोनों पैर व एक हाथ टूट गए, जबकि कमर में गंभीर चोट आई है। उसकी पुकार सुनकर मदद को पहुंचे लोगों ने किसी तरह पोड़ी अस्पताल पहुंचाया, जहां से बेहतर इलाज के लिए परिजन उसे अंबिकापुर मिशन अस्पताल ले गए।

कटघोरा वनमंडल अंतर्गत यह घटना ऐतमानगर वनपरिक्षेत्र के ग्राम मड़ई की है।

## रमन, राहुल, भूपेश व सिंहदेव ने की जोगी के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना

रायपुर (आरएनएस)। पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं जनता कांग्रेस छग के अध्यक्ष अजीत जोगी के स्वास्थ्य की चिंता करते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री डा. रमन सिंह, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी, प्रदेश अध्यक्ष भूपेश बघेल, नेताप्रतिपक्ष टीएस सिंहदेव सहित प्रदेश के कई नेताओं ने उनके शीघ्र स्वस्थ्य होने की कामना की है। मुख्यमंत्री डा. रमन सिंह और कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने श्री जोगी की पत्नी व विधायक श्रीमती रेणु जोगी से फोन पर अजीत जोगी के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। श्रीमती जोगी ने उन्हें बताया कि श्री जोगी की हालत पहले से बेहतर है। इधर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष भूपेश बघेल एवं नेताप्रतिपक्ष टीएस सिंहदेव ने ट्वीट कर श्री जोगी के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। इधर कांग्रेस छत्तीसगढ़ के प्रदेश प्रवक्ता सुब्रत डे ने बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राहुल गांधी एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी पी.एल. पुनिया सहित अनेक राष्ट्रीय नेताओं ने विधायक श्रीमती रेणु जोगी को फोन कर अजीत जोगी की कुशल क्षेम जानी व उनसे चर्चा की।इधर जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ के प्रदेश प्रवक्ता सुब्रत डे ने बताया कि पूरे प्रदेश में अजीत जोगी के स्वास्थ्य लाभ एवं दीर्घायु होने की कामना के साथ मंदिर, मस्जिद, गुरूद्वारा एवं चर्चों में पूजा अर्चना और प्रार्थना का दौर आरंभ कर दिया है। आज रायपुर स्थित आकाशवाणी काली मंदिर में भी जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ के कार्यकर्ताओं ने मां काली के समक्ष जोगी के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के लिए विराट हवन पूजन किया। वहीं मुस्लिम समाज से जुड़े अनेक पार्टी कार्यकर्ताओं ने आज बंजारी चौक वाले बाबा की मजार पर जाकर जोगी के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के लिए इबादत की एवं मन्नत की चादर चढ़ाई एव फीता बांधकर मन्नत मांगी।




स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO.-CHHHIN16931